हिन्दुस्तान

## मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया

# यूपी अब बीमारू राज्य नहीं: योगी

**उद्घाटन**

**96** लाख एमएसएमई का क्लस्टर यूपी में क्रियाशील

**02** लाख करोड़ के करीब पहुंच गया यूपी का निर्यात

**38** लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं

लखनऊ,हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2023 में पहुंच कर गुरुवार को प्रदेश के कारीगरों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही शिल्पकारों और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद किया। उन्होंने कहा, यूपी में पिछले 6 वर्ष में बीमारू राज्य से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में इसकी पहचान हो रही है। यूपी में औद्योगिकीकरण के लिए एक नया माहौल बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के जरिए पिछले पांच-छह वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। ऐसी उम्मीद है कि लगातार दूसरे वर्ष भी यूपी के खाते में गोल्डेन ट्रॉफी आ सकती है। सीएम ने बताया कि ओडीओपी पूरे प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित कर रहा है। इससे लाखों रोजगार के द्वार खुले हैं।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में चल रहे व्यापार मेले में यूपी पवेलियन का निरीक्षण किया।

### यूपी का निर्यात तीन गुना हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। तब वहां 70 हजार से भी अधिक देसी-विदेशी खरीददार आए थे। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की पहचान वाले उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। यूपी का निर्यात छह वर्षों में तीन गुना हो गया है।